सफलता की कहानी

किसान का नाम	: मधु हाँसदा
ग्राम	: गोहला
पंचायत	: गोहला
प्रखण्ड	: मुसाबनी

मधु हाँसदा मुसाबनी प्रखण्ड में प्रगतिशील किसान के रूप में जाने जाते है। इनके पिता स्व0 जसाई हाँसदा अपने 10 एकड़ पुश्तैनी जमीन पर धान की खेती पंरापरगत विधि से करते थे। ग्रेजुएट तक पढ़ाई कर किये हुए मधु हाँसदा रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत थे परन्तु समय निकाल कर खेती–बाड़ी एवं बागवानी में लगे रहते थे। 50 वर्षीय मधु हाँसदा रोजगार सेवक की नोकरी छोड़कर अभी संरक्षित फुलों की खेती कर रहें है। आत्मा से जुड़ने के बाद इनको व्यावसयिक रूप से खेती कर लाभ कमाने का सुझा। जिला उद्यान विभाग की ओर से वर्ष 2019–20 में इसने शेडनेट प्राप्त कर जरबेरा फुलों की खेती प्रारम्भ किया। किसान मधु हाँसदा फुलों की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किये है। इसके अलावा मेडिसीन एरोमैटिक एवं डेयरी टेक्नोलॉजी का भी प्रशिक्षण प्राप्त किये है। सिंचाई हेतु ड्रीप इरीगेशन का प्रयोग कर जरबेरा का फुल उत्पादित कर रहें है।

प्रति सप्ताह 2000 फुल का उत्पादन इनके शेडनेट से हो रहा है जिसे 4–5 रूपये प्रति की दर से बाजार में विक्रय करते है। लगभग 10,000/– प्रति सप्ताह मुनाफा फुल की खेती से किसान मधु हाँसदा को हो रहा है। जिससे इनके चार बच्चियों का पढ़ाई लिखाई के साथ–साथ भरण–पोषण अच्छे से हो रहा है।

Latitude: 22.490599
Longitude: 86.497246
Elevation: 88.4 m
Accuracy: 3.0 m
Time: 31-10-2020 14:33
Powered by NoteCam